प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 55/ 2026)

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

www.trai.gov.

नई दिल्ली, 28 अप्रैल 2026

तत्काल प्रकाशन हेतु

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने आंध्र प्रदेश लाईसेंस सेवा क्षेत्र के तहत तेलंगाना राज्य में वारांगल शहर और उसके आस-पास के इलाकों में नेटवर्क गुणवत्ता का आकलन किया**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने मार्च 2026 के महीने के दौरान **वारांगल शहर के** व्यापक मार्गो और उसके आस-पास के इलाकों को कवर करते हुए **आंध्र प्रदेश लाइसेंस प्राप्त सेवा क्षेत्र** (एलएसए) के लिए अपने स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (आईडीटी) निष्कर्ष जारी किए। भादूविप्रा क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद की देखरेख में आयोजित ये ड्राइव टेस्ट विविध उपयोग वातावरणों - शहरी क्षेत्रों, संस्थागत हॉटस्पॉट और ग्रामीण आवासीय इलाकों में रीयल वर्ल्ड मोबाइल नेटवर्क निष्पादन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किये गए थे ।

23 मार्च 2026 से 25 मार्च 2026 के बीच, भादूविप्रा की टीमों ने 375.3 किलोमीटर वारांगल सिटी ड्राइव टेस्ट और 8 हॉटस्पाट लोकेशनों पर विस्तृत टेस्ट किए। मूल्यांकन की गई तकनीकों में 2G, 3G, 4G और 5G शामिल हैं, जो विभिन्न हैंडसेट क्षमताओं में उपयोगकर्ताओं के सेवा अनुभव को दर्शाते हैं। आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को सूचित कर दिया गया था।

**मूल्यांकित प्रमुख पैरामीटर:**

क) वॉइस सेवाएं: कॉल सेटअप सक्सेस रेट (सी.एस.एस.आर.), ड्रॉप कॉल रेट (डी.सी.आर.), कॉल सेटअप टाइम, कॉल साइलेंस रेट, स्पीच क्वालिटी (एम.ओ.एस.), कवरेज।


वारांगल शहर में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है:


**कॉल सेटअप सक्सेस रेट-** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः100%, 96.11%, 97.95% और 99.08% है।

**ख) डाटा सेवाएं**: डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्रॉप रेट तथा वीडियो स्ट्रीमिंग डिले

औसत डाउनलोड स्पीड : एयरटेल(5G/4G/2G) की 161.18 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 8.32 Mbps, आरजेआईएल(5G/4G) की 260.01 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की 27.83 Mbps है।

CSSR.कॉल सेटअप सक्सेस रेट (%में), CST. कॉल सेटअप टाइम (सेकंड में), DCR: ड्रॉप कॉल रेट (%में), MOS: मीन ओपिनियन स्कोर।




## सारांश - वॉइस सेवाएं

**कॉल सेटअप सक्सेस रेट**- ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप सक्सेस रेट क्रमशः 100.00, 96.11%, 97.95% और 99.08% है।

**कॉल सेटअप टाइम:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का कॉल सेटअप टाइम क्रमशः 0.93, 1.69, 0.77 और 0.67 सेकंड है।

**ड्रॉप कॉल रेट:** ऑटो-सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का ड्रॉप कॉल रेट क्रमशः 0.00%, 17.87%, 0.70% और 0.00% है।

**कॉल साइलेंस/म्यूट रेट:** पैकेट स्विच्ड नैटवर्क (4G/5G). में एयरटेल, बीएसएनएल,आरजेआईएल और वीआईएल की साइलेंस कॉल रेट क्रमशः0.58%, 2.36%, 0.29% और 2.33% है।

**मीन ओपिनियन स्कोर (एम.ओ.एस.):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल का एमओएस क्रमशः3.98, 2.97, 4.46 और 3.76 हैं।

ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में सिटी आईडीटी रुट पर वायस टेस्टिंग के दौरान एयरटेल, बीएसएनएल वीआईएल और आरजेआईएल द्वारा तय किए गए मार्ग के क्रमशः0.68%, 22.12%, 1.54% और 7.16% % हिस्से पर सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।

## सारांश - डाटा सेवाएं

**डाटा डाउनलोड निष्पादन (समग्र):** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 161.18 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 8.32Mbps, आरजेआईएल(5G/4G) की 260.01Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत डाउनलोड स्पीड 27.83 Mbpsहै।

**डाटा अपलोड निष्पादन (समग्र)** एयरटेल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 25.35 Mbps, बीएसएनएल (4G/3G/2G) की 3.07 Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) की 19.48 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) की औसत अपलोड स्पीड 9.02 Mbps है।

**लेटेंसी (समग्र):** एयरटेल, बीएसएनएल, आरजेआईएल और वीआईएल की 50वीं पर्सेंटाइल लेटेंसी क्रमशः38.36 ms, 57.81 ms, 21.94 ms और 43.70 ms है।

**डाटा निष्पादन - हौट स्पॉट (Mbps में):**

| | | |
|---|---|---|
| एयरटेल - | 4G D/L: 40.48 | 4G U/L: 16.72 |
| | 5G D/L: 196.34 | 5G U/L: 36.71 |
| बीएसएनएल - | 4G D/L: 8.07 | 4G U/L: 7.12 |
| आरजेआईएल - | 4G D/L: 67.16 | 4G U/L: 14.40 |
| | 5G D/L: 338.42 | 5G U/L: 20.49 |
| वीआईएल - | 4G D/L: 38.01 | 4G U/L: 12.40 |

**नोट - "D/L" डाउनलोड स्पीड "U/L" अपलोड स्पीड**

ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में **सिटी आईडीटी रुट पर डाटा टेस्टिंग** के दौरान एयरटेल, बीएसएनएल वीआईएल और आरजेआईएल द्वारा तय किए गए मार्ग के क्रमशः10.99%, 29.61%, 13.22% और11.46% % हिस्से पर सिग्नल की शक्ति कमजोर पाई गई।

वारांगल में, नेटवर्क के मूल्यांकन में काजीपेट, हसनपर्थी, हनमकोंडा, सूबेदारी, वारंगल, मन्नूर, आशालापल्ली, तीगरजुपल्ली, गांधी नगर, येलगूर, मोंराई, पल्लागुडा, माछापुर, घानापुर, उप्पुगल, रघुनाथपल्ली, जाफरगढ़, दम्मनपेटा, मडिकोंडा, चिन्नापेंड्याला, इनावोलु, येलांदा, हसपर्थी और अरेपल्ली जैसे इलाके शामिल थे.

भादूविप्रा ने 1. गिरमाजीपेट (वारांगल चौरास्ता), 2. हनमकोंडा बस स्टैंड, 3. काकतीय मेडिकल कॉलेज, 4. काकतीय यूनीवर्सिटी, 5. एमजीएम हौस्पीटल वारांगल, 6.एनआईटी वारांगल, 7. रेड्डी कॉलोनी (रोड नंबर: 2) और 8 वारांगल शहर के वारांगल रेलवे स्टेशन पर वास्तविक स्थितियों का भी मूल्यांकन किया ताकि स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव का आकलन किया जा सके।

ये टेस्ट वास्तविक समय वातावरण में भादूविप्रा द्वारा सुझाए गए उपकरणों की सहायता से मानकीकृत प्रोटोकॉल का उपयोग करते हुए आयोजित किए गए थे। विस्तृत रिपोर्ट भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। किसी भी स्पष्टीकरण/जानकारी के लिए, श्री, बी प्रवीण कुमार, सलाहकार (क्षेत्रीय कार्यालय, हैदराबाद) भादूविप्रा से ईमेल adv.hyderabad@trai.gov.in या टेलीफोन नं+91-40-23000761 पर संपर्क किया जा सकता है।

बी.प्रवीण कुमार

( बी.प्रवीण कुमार )

सलाहकार, भादूविप्रा क्षे.का., हैदराबाद